प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.......................

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के राज्यों से अवधिपार वाहनों को जब्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा है। आयोग ने इससे संबंधित जानकारी एक नोडल ऐजेंसी के माध्यम से आयोग को भी देने के निर्देश दिए है। बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आयोग ने संबंधित राज्य सरकारों के साथ ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रेप के सख्त कार्यान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की। इस दौरान धूल बढाने वाले सभी कार्यों को रोकने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इस बीच प्रदेश के विभिन्न शहरों में बढते वायु प्रदूषण को देखते हुए राज्य सरकार ने जरूरी कदम उठाने शुरू कर दिये है। राज्य के सभी थाना अधिकारियों को अपने क्षेत्र में पराली जलने से रोकने के लिए पाबंद किया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने इस संबंध में आदेश जारी किये है। आदेश में कहा गया है कि अगर थानाक्षेत्र में पराली जलाने की घटना होती हैं तो थानाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा जिला कलेक्टरों द्वारा फसल अवशेषों को खेत में ही जलाने की प्रवृत्ति को रोकने और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए उपखण्ड स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले तीन–चार दिनों में प्रदेश के कई शहरों में वायु प्रदूषण बढा है।

.......................

उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र के अंबेरी में देर रात डंपर की टक्कर से कार में सवार पांच युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि कार में सवार लोग अंबेरी से रॉन्ग साइड में देबारी की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक सामने से डंपर आ गया। ढलान होने की वजह से डंपर के समय पर नियंत्रित नहीं होने से ये हादसा घटित हुआ। आमने–सामने की टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। इसमें सवार सभी युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुखेर थाने की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार से शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

.......................

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज नई दिल्ली में एक समारोह में वर्ष 2022 और 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने वाले 82 युवा कलाकारों में प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय भपंग वादक यूसुफ ख़ान भी शामिल है। यूसुफ ख़ान ने 20 देशों में भपंग वादन की प्रस्तुति देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस कला को नई पहचान दिलाई है। संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2006 में 40 वर्ष की आयु तक के कलाकारों के लिए भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के नाम पर इस पुरस्कार की शुरुआत की थी। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के संगीत, नृत्य, नाटक, लोक और आदिवासी कला रूपों और अन्य संबद्ध प्रदर्शन कला रूपों के क्षेत्र में युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करना है।

.......................

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि समाज के हर वर्ग तक पारिवारिक मनोरंजन का प्रसार करना प्रसार भारती का कर्तव्य है। प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के उद्घाटन के बाद मीडिया को श्री सहगल ने बताया कि इस मंच से दूरदर्शन के अभिलेखागार वाले सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने बताया कि इस ओटीटी से लगभग बारह भाषाओं में कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। इसमें सभी बोलियों में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने की भी योजना है। उन्होंने बताया कि फिलहाल दस हजार से ज्यादा फिल्मे और चालीस हजार से पचास हजार घंटों की सामग्री वेव्स् पर उपलब्ध होंगी।

.......................

झुंझुनूं के सरकारी अस्पताल में जिंदा व्यक्ति को मृत घोषित किये गये व्यक्ति की कल देर रात जयपुर के एसएमएस अस्पताल में वास्तव में मृत्यु हो गई। इस व्यक्ति को कल ही झुंझुनूं से रैफर

किया गया था। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक सुशील भाटी ने बताया कि इस व्यक्ति की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो चुकी थी।
गौरतलब है कि झुंझुनूं में एक व्यक्ति की तबियत बिगडने पर उसका सरकारी बीडीके अस्पताल में ईलाज शुरू किया गया था जिसे बाद में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। शमशानघाट में दाह संस्कार के दौरान व्यक्ति की सांसे चलने लगी जिसके बाद उसे फिर अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया। झुंझुनूं जिला कलेक्टर ने इस पूरे मामले की जांच के लिए समिति गठित की है। वहीं लापरवाही सामने आने के बाद जिला कलेक्टर की सिफारिश पर अस्पताल के पीएमओ डॉ. संदीप पचार सहित कुल तीन डॉक्टरों को निलंबित किया गया है।

.......................

बीकानेर जिले में 25 बेड क्षमता का नशामुक्ति केन्द्र खोलने के लिए नशामुक्ति क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित पंजीकृत स्वयंसेवी संस्थाओं और ट्रस्टों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इसकी अंतिम तारीख 29 नवम्बर है। सामाजिक और न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पवार ने बताया कि प्रदेश के युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए जिले में 25 बेड क्षमता का नशामुक्ति केन्द्र खोला जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्राप्त प्रस्तावों को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कल तक इस कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

.......................